ED-03111964S/N
12/11/25

Secretary (SJ&E)
D.O. No. 755670 12-11-25

**No. 35018/04/2025-Admn-I**
**Government of India**
**Ministry of Power**
**Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi – 110001**

**Dated**: 03rd November, 2025

E. Office No. 755670 DT. 12/11/25
Government of India
Ministry of Social Justice & Empowerment
(Deptt. of Social Justice & Empowerment)

To

1. Secretaries of all Ministries/Departments of Government of India
2. Chairperson, Central Electricity Authority.
3. Chairmen/Heads of all Public Sector Undertakings/Autonomous/Statutory Bodies under the administrative control of the Ministry of Power.
4. Chairmen of all the State Electricity Boards/Power Utilities.
5. Power Secretaries of all the State Governments/Union Territories.
6. Vice Chancellors of all Universities/ Head of all IITs/IIMs.
7. Chairman, Engineers India Ltd.
8. Secretary, PESB, New Delhi.

SECY

**Subject: Appointment to the post of Member (Hydro) & Member (Planning) in the Central Electricity Authority, on deputation/short-term contract basis – inviting applications for – regarding**

Sir/Madam,

I am directed to state that the Ministry of Power requires the services of suitable candidates for filling up the vacancies of Member (Hydro) & Member (Planning) in Level-15 (Rs.1,82,200 – 2,24,100) in pay matrix with ex-officio status of Additional Secretary to the Government of India, in the Central Electricity Authority, New Delhi, an attached office of the Ministry of Power. The incumbent of the posts are entitled to other allowances/ benefits as per rules of the Central Government.

2. In this connection, I am directed to request to circulate the vacancies of Member (Hydro) & Member (Planning) for filling up on deputation/short-term contract basis in the Central Electricity Authority (CEA).

3. The appointment to the post of Member in the Central Electricity Authority is made in accordance with the provisions contained in Section 70 of the Electricity Act, 2003 available at **"http://powermin.gov.in/en/content/Electricity-Act-2003"** read with the Central Electricity Authority (Terms and conditions of Service of Chairperson and other Members) Rules, 2024 which are available on the Ministry of Power Website **"https://powermin.gov.in/sites/default/files/uploads/Central_Electricity_Authority_Terms_and_Conditions_of_service_of_Chairperson_and_other_Members_Rules_2024.pdf"**.

Secretary (SJE)
Meeting/Tour/Leave
JS(SK)

4. The broad duties and responsibilities attached to the posts of Member (Hydro) & Member (Planning) are indicated in **Annexure-I**. The format, in which application is required to be submitted, can also be downloaded from the Ministry of Power Website: **"http://powermin.gov.in/en/content/vacancies"**.

5. The eligibility conditions for the posts are as under:

**(i) Maximum age limit: 58 years** as on the date of vacancy i.e. 01.07.2026 & 01.08.2026 for the post of Member (Hydro) & Member (Planning) respectively.

**(ii) Qualifications:** Officers of the Central Government or State Government or Union Territories or autonomous or statutory organization or Public Sector Undertaking or University or Recognized Research Institution;

(A) (i) holding analogous post on regular basis; or

(ii) holding post in Level-14 with five years of regular service in the grade; and

(B) possessing three years' field experience in the relevant field as provided in sub section (5) of Section 70 of the Electricity Act, 2003.

6. The appointment shall be on deputation/short-term contract basis for a period of five years, subject to the condition that the services shall not be extended beyond the date of superannuation.

7. The crucial date for determination of eligibility (qualification) of applicants for the posts will be the date of vacancy i.e. 01.07.2026 & 01.08.2026 for the post of Member (Hydro) & Member (Planning) respectively.

8. It is requested that the above mentioned vacancies may kindly be given wide publicity among the eligible candidates and the applications of suitable and eligible serving persons who are willing to be considered for the post of Member (Hydro) or Member (Planning) or both and whose services can be spared, may be forwarded to the Under Secretary (Admn.I), Ministry of Power, Room No.26, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110001 in the enclosed Proforma (Annexure-II) **(in quadruplicate)**. The prospective candidates may submit separate applications if they wish to apply for both the posts. The application together with the following documents/information may be sent so as to reach this office within 45 days from the date of publication of the vacancy in the' Employment News/Rozgar Samachar'.

i. Attested photocopies of Annual Confidential Reports/APARs for the last 5 years.

ii. Vigilance Clearance Certificate & Integrity Certificate (to be signed by an officer not below the rank of Deputy Secretary to the Government of India).

iii. Whether any penalty has been imposed on the applicant in the last ten years, and if so, details thereof.

9. **It may be ensured that the particulars in Part-I of the application by the applicant are duly verified and countersigned invariably by the employer. Applications received after the closing date or without the prescribed documents/information will not be considered.**

Yours faithfully,

**Encl:** As above

(Harish Bhandari)
**(Harish Bhandari)**
**Under Secretary to the Government of India**
**Tele No. 2371-5327**

Copy forwarded, for information, to:

i. PS to Hon'ble MoP/Hon'ble MoS for Power.
ii. Sr.PPS/PPS to Secretary (Power)/ AS(SN)/AS(PS)/ all JS.
iii. NIC, Ministry of Power, for hosting the vacancy circular on Ministry's web-site. This circular may be kept on the web-site till the end of October, 2026.

**(Harish Bhandari)**
**Under Secretary to the Government of India**
**Tele No. 2371-5327**

**ANNEXURE-I**

## DUTIES AND RESPONSIBILITIES OF MEMBERS IN THE CENTRAL ELECTRICITY AUTHORITY

### MEMBER (HYDRO) :-

Overall hydro power development in the country; concurrence of hydro-electric schemes; integrated planning for utilization of water resources; assessment of hydro potential; assistance to States on investigation and project report preparation; construction & investigation monitoring of hydro projects and suggesting remedial measures to problems involved; updating, development & evaluation of hydro technologies; environmental aspects of hydro projects; quality assurance plans & standardization, design and engineering of hydro projects; renovation, modernization & uprating of hydro stations; co-operation with neighboring countries of Nepal and Bhutan for development of water resources for mutual benefits; etc.

### MEMBER (PLANNING) :-

Formulation of national power policies; integrated resource planning; optimization of resource utilization; formulation of short, medium & long term power plans; long & short term demand forecast & sensitivity studies; material and manpower planning; surveys for power demand growth; identification and testing of co-lateral parameters for economic model for demand forecasting; collection, compilation and publication of statistics of Power Sector; securitization of resources/fuel availability and fuel efficiency with the support of emerging technologies; pro-active technology forecasting approaches; research & development activities; energy conservation; energy auditing; etc.

******

**ANNEXURE-II**

**Application for the post of Member (Hydro) or Member (Planning) in the Central Electricity Authority**

## PART - I

## CURRICULAM VITAE PROFORMA

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Name and Address including Telephone Numbers (in Block Letters) | | |
| 2 | Date of Birth (in Christian Era) | | |
| 3 | Date of retirement under Central/ State Government/ Parent Organisation Rules | | |
| 4 | Educational Qualifications | | |
| 5 | Whether Educational and other qualifications required for the post are satisfied. (If any qualification has been treated as equivalent to the one prescribed in the Rules, state the authority for the same) | Qualifications/ Experience required | Qualifications/Experience possessed by the officer |
| | | (1)<br>(2)<br>(3) | |
| 6 | Please state clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requirement of the post | | |

7. Details of Employment, in chronological order. Enclose a separate sheet duly authenticated by your signature, if the space below is insufficient

| Office/ Institution/Organisation | Post Held | From | To | Scale of Pay and Basic pay | Nature of Duties (in detail) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**(Please also enclose details of work experience in not more than 150 words)**

8. Nature of present employment i.e.
Ad-hoc or Temporary or on Contract basis
or Permanent

9. In case the present employment is held
On deputation/contract basis, please state –

a. the date of initial appointment

b. period of appointment on deputation/Contract

c. name of the parent office/organization to which you belong

10 Additional details about present employment. Please state whether working under (indicate the name of your employer against the relevant column)

a. Central Govt.
b. State Govt.
c. Autonomous Organisation
d. Government Undertaking
e. Universities/ IITs/ IIMs
f. Others

11. Are you in revised scale of pay? If yes, give the date from which the revision took place and also indicate the pre-revised scale

12. Total emoluments per month now drawn

13. Additional information, if any, which you would like to mention in support of your suitability for the post.

(This among other things may provide information with regard to (i) additional academic qualifications (ii) professional training and (iii) work experience over and above prescribed in the Vacancy Circular/ Advertisement)

**(Note: Enclose a separate sheet, if the space is insufficient).**

14. Remarks (The candidates may indicate information with regard to (i) Research publications and reports and special projects (ii) Awards/Scholarship/Official Appreciation (iii) Affiliation with the professional bodies/Institutions/societies and (iv) any other information.

**(Note: Enclose a separate sheet if the space is insufficient)**

I have carefully gone through the vacancy circular/advertisement and I am well aware that the Curriculum Vitae which are duly supported by documents submitted by me will also be assessed by the Selection Committee at the time of selection for the post.

Signature of the candidate
Address:

Telephone/Mobile No:
Fax No:

**Certified that the above details have been verified and found to be correct.**

**Countersigned by the authorized signatory of the Employer with official seal.**

PART – II

(Name and address of the Office forwarding the application)

Reference No.________________________ Date: __________

Certified that:-

a. no vigilance case/disciplinary proceedings are pending or contemplated against Sh./Smt. ________ and the integrity of the officer is beyond doubt;

b. no penalty has been imposed on the applicant in the last ten years (If any penalty has been imposed on the applicant please give details);

c. no penalty is in operation against the applicant as on date (If any penalty is in operation against the applicant, please give details)

Signature__________________________________
Name__________________________________
Designation __________________________________
Office__________________________________

**(The Part-II of the application must be signed by a Competent Authority not below the rank of Deputy Secretary to the Government of India)**

***********

सं0 ए-35018/04/2025-प्रशा.1

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,नई दिल्ली-110001

दिनांक: 03.11.2025

सेवा में,

(1) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
(2) अध्यक्ष, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण।
(3) विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्तशासी/सांविधिक निकायों के अध्यक्ष/प्रमुख।
(4) सभी राज्य विद्युत बोर्डों/विद्युत यूटिलिटियों के अध्यक्ष।
(5) सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के विद्युत सचिव।
(6) सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति/सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों/भारतीय प्रबंधन संस्थानों के प्रमुख।
(7) अध्यक्ष, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड।
(8) सचिव, पीईएसबी, नई दिल्ली।

**विषयः प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (हाइड्रो) और सदस्य (योजना) के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के सबंध में।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विद्युत मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली में भारत सरकार के अपर सचिव की पदेन स्थिति में पे-मैट्रिक्स के लेवल -15 (रु. 1,82,200-2,24,100/) के वेतनमान में सदस्य (हाइड्रो) और सदस्य (योजना) के रिक्त पदों को भरने के लिए विद्युत मंत्रालय को उपयुक्त उम्मीदवार की सेवाओं की आवश्यकता है। इस पद के पदधारी केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार अन्य भत्तों/लाभों के हकदार हैं।

2. इस संबंध में, मुझे केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) में प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर भरने के लिए सदस्य (हाइड्रो) और सदस्य (योजना) के रिक्त पदों को परिचालित करने का अनुरोध करने का निदेश हुआ है।

3. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य के पद पर नियुक्ति केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की सेवा की निबंधन एवं शर्तें) नियमावली, 2024, जो विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट "https://powermin.gov.in/sites/default/files/uploads/Central_Electricity_Authority_Terms_and_Conditions_of_service_of_Chairperson_and_other_Members_Rules_2024.pdf" पर उपलब्ध है, के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 70 में समाविष्ट प्रावधानों के अनुसार जो "https://powermin.gov.in/en/content/Electricity-Act-2003" पर उपलब्ध है, की जा रही है।

4. सदस्य (हाइड्रो) और सदस्य (योजना) के उपर्युक्त पदों से संबद्ध विस्तृत कार्य एवं उत्तरदायित्व को अनुबंध-I में दर्शाया गया है। जिस प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है, उसे विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट "https://powermin.gov.in/en/content/vacancies" से डाउनलोड किया जा सकता है ।

5. इन पदों की पात्रता शर्तें निम्नानुसार हैं:

**(i) अधिकतम आयु सीमा** : पद रिक्ति की तिथि को 58 वर्ष अर्थात सदस्य (हाइड्रो) और सदस्य (योजना) के पद के लिए क्रमशः 01.07.2026 और 01.08.2026।

**(ii) अर्हताएं** : केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र या स्वायत्त या कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्था के अधिकारी जो;

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हो; या

(ii) उस श्रेणी में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ स्तर-14 में पद धारण किए हुए हो; और

(ख) जिनके पास विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 70 की उपधारा (5) में किए गए प्रावधान के अनुसार सुसंगत क्षेत्र में तीन वर्ष का क्षेत्रीय अनुभव हो।

6. नियुक्ति पाँच वर्षों की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर की जाएगी बशर्ते कि सेवाएं सेवानिवृत्ति की तिथि से आगे नहीं बढ़ाई जाएंगी ।

7. इन पदों के लिए आवेदकों की पात्रता (योग्यता) के निर्धारण की महत्वपूर्ण तिथि पद रिक्ति की तारीख होगी अर्थात सदस्य (हाइड्रो) और सदस्य (योजना) के पद के लिए क्रमशः 01.07.2026 और 01.08.2026।

8. यह अनुरोध है कि पात्र उम्मीदवारों के बीच उपर्युक्त रिक्ति का व्यापक प्रचार किया जाए और उपयुक्त एवं पात्र सेवारत अधिकारियों, जो सदस्य (हाइड्रो) या सदस्य (योजना) या दोनों के पद के लिए विचार करने के इच्छुक हैं और जिन्हें सेवा देने के लिए मुक्त किया जा सकता हो, के विवरण निम्नलिखित दस्तावेजों/सूचनाओं के साथ, संलग्न प्रपत्र (**अनुबंध-II**) (**चार प्रतियों में**) में अवर सचिव (प्रशा.-I), विद्युत मंत्रालय, कमरा नं.-26, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को अग्रेषित करें। यदि भावी उम्मीदवार दोनों पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो वे अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों/सूचनाओं के साथ इस प्रकार अग्रेषित किया जाए कि 'एम्पलायमेंट न्यूज'/'रोजगार समाचार' में प्रकाशन की तिथि से 45 दिन के भीतर इस कार्यालय पहुंच जाए :-

(i) पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों/वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों की प्रमाणित फोटोप्रतियां।

(ii) सतर्कता संबंधी अनुमति प्रमाण-पत्र तथा सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (जिसे ऐसे अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाए जो उप सचिव, भारत सरकार से नीचे के पद का न हो) ।

(iii) क्या गत 10 वर्षों में आवेदक पर कोई शास्ति लगाई गई है, और यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा।

9.     यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदक द्वारा भरे गए आवेदन के भाग-। में विवरण नियोक्ता द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित एवं प्रतिहस्ताक्षरित हो। अंतिम तिथि के पश्चात् अथवा निर्धारित दस्तावेजों/सूचनाओं के बिना प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

संलग्नः यथोपरि

(हरीश भंडारी)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23715327

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः

(i) माननीय विद्युत मंत्री/माननीय विद्युत राज्य मंत्री के निजी सचिव ।
(ii) विद्युत मंत्रालय में सचिव/सभी अपर सचिव/ सभी संयुक्त सचिव
(iii) एन.आई.सी., विद्युत मंत्रालय, रिक्ति परिपत्र मंत्रालय की वेबसाइट पर डालने के लिए इस परिपत्र को अक्टूबर 2026 के अंत तक वेबसाइट पर रखा जाए।

(हरीश भंडारी)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23715327

अनुबंध-।

## केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व

**सदस्य (हाइड्रो) : -**

देश में जल विद्युत का समग्र विकास; जल -विद्युत स्कीमों की सहमति; जल संसाधनों के उपयोग हेतु एकीकृत योजना; जल विद्युत क्षमता का आकलन; जांच एवं परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु राज्यों को सहायता प्रदान करना; जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण और जांच की निगरानी करना और इसमें अंतर्निहित समस्याओं के लिए सुधारात्मक उपायों का सुझाव देना; जल विद्युत प्रौद्योगिकियों का अद्यतन; विकास एवं मूल्यांकन; जल विद्युत परियोजनाओं से संबंधित पर्यावरणीय पहलू; गुणवत्ता आश्वासन योजनाएं एवं मानकीकरण; जल विद्युत परियोजनाओं की रूपरेखा और अभियांत्रिकी; जल विद्युत स्टेशनों का पुनरूध्दार; आधुनिकीकरण और उन्नयन; परस्पर हितलाभों के लिए जल संसाधनों के विकास हेतु नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों के साथ सहयोग आदि।

**सदस्य (योजना) : -**

राष्ट्रीय विद्युत नीतियों का गठन; एकीकृत संसाधन योजना; संसाधन के उपयोग का इष्टतमीकरण; लघु; मध्यम एवं दीर्घवधिक विद्युत योजनाओं का गठन; दीर्घ तथा लघु अवधिक पूर्वानुमान एवं संवेदनशीलता अध्ययन; सामग्री तथा जनशक्ति नियोजन; विद्युत मांग में वृद्धि हेतु सर्वेक्षण; मांग पूर्वानुमान के लिए आर्थिक मॉडल हेतु सहायक मापदंडो का परीक्षण; संग्रहण; विद्युत क्षेत्र के आंकड़ों का संकलन तथा प्रकाशन; उदीयमान प्रौद्योगिकी के समर्थन से संसाधनों/ईंधन उपलब्धता का प्रतिभूतिकरण; सक्रिय प्रौद्योगिकी पूर्वानुमान दृष्टिकोण; विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास; अनुसंधान एवं विकास कार्यकलापों में शामिल विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय; ऊर्जा संरक्षण; ऊर्जा लेखापरीक्षा आदि।

******

अनुबंध- ।।

**केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (हाइड्रो) या सदस्य (योजना) के पद हेतु आवेदन पत्र**

भाग-।

जीवन वृत्त

<table>
<tr><td>1. नाम व पता दूरभाष नंबर सहित<br>(स्पष्ट अक्षरों में)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>3. केंद्र/राज्य सरकार/मूल संगठन नियमावली के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>4. शैक्षिक योग्यता</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी कर ली गई हैं। (यदि किसी शैक्षिक योग्यता को नियमों में वर्णित किसी शैक्षिक योग्यता के समकक्ष माना गया है तो उसके प्राधिकारी का उल्लेख करें)</td><td>अपेक्षित शैक्षिक योग्यताएं/ अनुभव</td><td>अधिकारी द्वारा धारित शैक्षिक योग्यताएं/अनुभव</td></tr>
<tr><td>(1)<br>(2)<br>(3)</td><td></td></tr>
<tr><td>6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के मद्देनज़र क्या आप पद संबंधी आवश्यकता पूरी करते हैं</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">7. कालानुक्रम में रोजगार के ब्यौरे। यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है, तो अलग से एक स्वःप्रमाणित कागज संलग्न करें</td></tr>
</table>

| कार्यालय/संस्थान/संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कार्यों की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(कृपया कार्य अनुभव का विवरण भी संलग्न करें जो 150 शब्दों से अधिक न हो।)

| | |
|---|---|
| 8. वर्तमान रोज़गार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अनुबंध आधार पर या स्थायी। | |
| 9. यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर है तो कृपया बताएं-<br>क) आरंभिक नियुक्ति की तिथिः<br>ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर नियुक्ति की तारीख<br>ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे संबंधित हैं | |
| 10. वर्तमान रोज़गार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरे<br>कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्तशासी संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ड.) विश्वविद्यालय /भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान/भारतीय प्रबंधन संस्थान<br>च) अन्य | |
| 11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां, वह तिथि बताएं जब से संशोधन हुआ है और संशोधित पूर्व वेतनमान भी दर्शाएं | |
| 12. अब प्रतिमाह आहरित की जा रही कुल परिलब्धियां | |
| 13. कोई अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हों तो, जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में देना चाहें।<br>(अन्य बातों के साथ-साथ (I) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यताएं (II) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (III) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में वर्णित कार्य अनुभव से अधिक अनुभव होने के संबंध में सूचना प्रदान कर सकते हैं )<br>(नोट- यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से कागज संलग्न करें) | |

| | |
|---|---|
| 14. टिप्पणियां (आवेदक (I) अनुसंधान प्रकाशन, रिपोर्ट एवं विशेष परियोजनाओं (II) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/कार्यालयी सम्मान/(III)व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/सोसायटियों के साथ संबद्धता से संबंधित सूचना और कोई अन्य सूचना दर्शा सकते हैं।<br>(नोट- यदि जगह पर्याप्त नहीं है तो कृपया एक अलग कागज संलग्न करें) | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को भली-भांति पढ़ लिया है और मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों द्वारा विधिवत रूप से समर्थित मेरे जीवनवृत्त का भी, पद चयन के समय, चयन समिति के द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
पताः

दूरभाष/मोबाइल नं0
फैक्स नं0

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त विवरण सत्यापित कर लिया गया है तथा सही पाया गया है।

नियोक्ता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयी मुहर सहित प्रतिहस्ताक्षर

भाग-II

(आवेदन- पत्र अग्रेषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता)

संदर्भ सं...........................

तारीख.....................

प्रमाणित किया जाता है कि-

(क) ऊपर उल्लिखित अधिकारी के विरूद्ध कोई सतर्कता मामला/अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित नहीं है अथवा विचारणीय नहीं और उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है

(ख) विगत दस वर्षों में आवेदक पर कोई शास्ति नहीं लगाई गई है (यदि आवेदक पर कोई शास्ति लगाई गई है तो कृपया उसका ब्यौरा दें);

(ग) आज की तारीख में आवेदक के विरूद्ध कोई शास्ति प्रचालनाधीन नहीं है (यदि आवेदक के विरूद्ध कोई शास्ति प्रचालनाधीन है तो कृपया उसका ब्यौरा दें)

हस्ताक्षर..........................
नाम...............................
पदनाम..........................
कार्यालय........................

(आवेदन-पत्र का भाग-II सक्षम प्राधिकारी, जो उप सचिव, भारत सरकार से निम्न पद पर न हो, द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना अनिवार्य है)

**************